कार्यालय निर्वाचन अधिकारी
छात्र महासंघ चुनाव 2023–2024, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

पत्रांक – डी0एस0डब्ल्यू0 / छा0महा0सं0 चु0–2023–24 / 2023 दिनांक 08–11–2023

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / निदेशक
राजकीय महाविद्यालय / संस्थान (राजकीय सहायता प्राप्त)
(सम्बद्ध कुमाऊँ विशविद्यालय)

महोदय,

निवेदन है कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल का शैक्षणिक सत्र 2023–24 के छात्र महासंघ का चुनाव दिनांक 09–11–2023 (बृहस्पतिवार) को निम्न कार्यक्रमानुसार कुमाऊँ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केन्द्र, हरमिटेज भवन में कराया जाना है।

क्र0 सं0	कार्यक्रम	दिनांक एवं समय
1	नामांकन प्रपत्रों की बिक्री नामांकन नामांकन पत्रों की जाँच नाम वापसी	09–11–2023 (बृहस्पतिवार), पूर्वाह्न 10.00 बजे से 12.00 बजे तक 09–11–2023 (बृहस्पतिवार), पूर्वाह्न 11.00 बजे से 01.00 बजे तक 09–11–2023 (बृहस्पतिवार), अपराह्न 01.00 बजे से 02.00 बजे तक 09–11–2023 (बृहस्पतिवार), अपराहान 02.00 बजे से 2.30 बजे तक
2	मतदान मतगणना, चुनाव परिणाम एवं शपथ ग्रहण	09–11–2023 (बृहस्पतिवार), अपराह्न 03.00 बजे से 04.00 बजे तक मतदान के उपरान्त

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय / संस्थान के समस्त नव निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों को अवगत कराने का कष्ट करेगे कि छात्र महासंघ चुनाव 2023–24 में प्रतिभाग करने हेतु उपरोक्त कार्यक्रमानुसार अपने अभिकर्ताओं के संलग्न सूचनाओं के प्रपत्रों के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का का कष्ट करेंगे।

भवदीय

8/11/23

प्रो0 (ललित तिवारी)
चुनाव अधिकारी
छात्र महासंघ चुनाव 2023–24
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

08/11/2023
प्रो0 (संजय पंत)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. समस्त नव निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, परिसर / महाविद्यालय (सम्बद्ध कु0वि0वि0, नैनीताल)।
3. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

08/11/2023
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
{छात्र महासंघ चुनाव 2023–2024}

प्रत्याशियों को नामांकन के समय निम्नलिखित प्रपत्र लाने आवश्यक होंगे

1. स्वहस्ताक्षरित नवीनतम फोटो।
2. हाईस्कूल प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि।
3. वर्तमान सत्र 2023–2024 की प्रवेश शुल्क की रसीद की छायाप्रति।
4. छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका से अदेय प्रमाण पत्र।
5. शुल्क काउण्टर से अदेय प्रमाण पत्र की प्रति।
6. जमानत राशि (संलग्न प्रति) रू0 1,200/– (एक हजार दो सौ रूपया मात्र)।
7. नामांकन शुल्क रू0 1,200/– (एक हजार दो सौ रूपया मात्र)।
   (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष (छात्र), उपाध्यक्ष (छात्रा), सचिव, संयुक्त सचिव एवं कोषाध्यक्ष पदों हेतु)
8. **शैक्षिक योग्यता के समस्त अंकतालिकाओं की छायाप्रति –**
   अ– स्नातक प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठम्, सप्तम, अष्टम सेमेस्टर में उत्तीर्ण वर्ष एवं नवम् सेमेस्टर में प्रवेशित।
   ब– स्नातकोत्तर प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में उत्तीर्ण वर्ष एवं तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित।
9. परिसर/महाविद्यालय में प्रथम बार प्रवेश लेने की तिथि।
10. प्रत्याशी प्रस्तावक एवं अनुमोदनकर्ता के प्रवेश–पत्र, शुल्क रसीद एवं परिचय–पत्र की छायाप्रति।
11. **लिंगदोह समिति के प्राविधानानुसार प्रत्याशी द्वारा चुनाव से पूर्व आय–व्यय विवरण सम्बन्धी घोषणा–पत्र निर्धारित प्रारूप में रू0 10/– (दस रूपया मात्र) का नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प चस्पा कर एवं चुनाव परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह के अन्दर आडिटेड एकाउण्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा उपर्युक्त घोषणा पत्र के अभाव में नामांकन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।**
12. प्रत्याशी के रूप में समस्त अर्हताऐं पूर्ण करने तथा पूर्व में कोई भी चुनाव पदाधिकारी के पद के लिए नहीं लड़ने का प्रमाण–पत्र तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि निर्वाचित होने का परिसर/महाविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण/प्राचार्य द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र।
13. प्रत्याशी द्वारा रू0 100/– (एक सौ रूपया मात्र) के स्टाम्प पर इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि प्रत्याशी ने पूर्व की कक्षाओं में किसी भी संस्थान से चुनाव में किसी भी पद पर प्रतिभाग नहीं किया है।
14. मतगणना केन्द्र के लिए प्रत्येक प्रत्याशी 01 (एक) अभिकर्ता का नाम की सूचना देंगे।

निर्वाचन अधिकारी,
छात्र महासंघ चुनाव 2023–2024
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।